तेरा सांवरे यूँ सहारा मिला

तेरा सांवरे यूँ सहारा मिला
के तूफ़ान में जैसे किनारा मिला

हुआ मुश्किलों से जब मैं परेशान
दिया सांवरे साथ तूने हमेशा
हमें प्यार ऐसे तुम्हारा मिला
के तूफ़ान में जैसे किनारा मिला

ग़म ए ज़िन्दगी क्या सताएगी उसको
तेरी रहमतों की मिली आस जिसको
उसे बस ख़ुशी का नज़ारा मिला
के तूफ़ान में जैसे किनारा मिला

मेरे दर्द ए दिल का यही है फ़साना
दिया दर्द उसी ने जिसे अपना माना
नहीं कोई तुमसा दोबारा मिला
के तूफ़ान में जैसे किनारा मिला

ज़माने की ठोकर से घबरा गया है
भटकता तरुण तेरे दर आ गया है
जहाँ हर किसी को सहारा मिला
के तूफ़ान में जैसे किनारा मिला

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/14259/title/tera-sanware-yu-sahara-mila

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |